# D.El.Ed. II Year Annual Examination-2026

**Paper Code: 205**
**(Set-A)**

**Roll No..22.0.5.4.246**
**Total Pages : 11**
**D.El.Ed.-II/5/26**

# हिंदी दक्षता
## Language Education (Hindi)

**Time : 3 Hours**
**समय : 3 घंटे**

**Maximum Marks : 75**
**अधिकतम अंक : 75**

## सामान्य निर्देश:

- इस प्रश्नपत्र के चार भाग हैं : **भाग-I**, **भाग-II**, **भाग-III** और **भाग-IV**.
- प्रत्येक भाग के प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है।
- **भाग-I** में 10 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं, सभी प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है। प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है।
- **भाग-II** में 5 प्रश्न (अभिकथन एवं तर्क से संबंधित) हैं, सभी प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है। प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है।
- **भाग-III** में 8 प्रश्न हैं, जिनमें से किन्हीं 5 प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है। प्रत्येक प्रश्न 3 अंक का है। (उत्तर लगभग 100 शब्दों में दें।)
- **भाग-IV** में 8 प्रश्न हैं, जिनमें से किन्हीं 5 प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है। प्रत्येक प्रश्न 8 अंक का है। (उत्तर लगभग 300 शब्दों में दें।)

*********

## भाग-I ( बहुविकल्पीय प्रश्न )

**सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। सही विकल्प का चयन करें।** **(10x1=10)**

1. पश्चिमी हिंदी की बोलियाँ हैं -

(अ) ब्रजभाषा, हरियाणवी, बुंदेली.

(ब) अवधी, बघेली, छत्तीसगढ़ी

(स) कुमाँयूनी, गढ़वाली, पहाड़ी

(द) मेवाती, मालवी, मारवाड़ी

2. वाक्य के किसी एक अंश पर बल देने को कहा जाता है -

(अ) आघात

(ब) बलाघात

(स) वाक्यांश

(द) स्वरान्श

3. "कुल्हाड़ा" का तत्सम शब्द है -

(अ) कुठार

(ब) कुहार

(स) कर्कट

(द) कदली

4. निम्न में से कौन-सा चिन्तन का प्रकार नहीं है -

(अ) तार्किक चिंतन

(ब) अभिवृत्यात्मक चिंतन

(स) समस्यात्मक चिंतन

(द) निदानात्मक चिंतन

5. पत्रकारिता में निष्पक्षता का महत्व क्या है?

(अ) यह समाचार को विश्वसनीय बनाता है

(ब) यह समाचार को आकर्षक बनाता है

(स) यह समाचार को सरल बनाता है

(द) यह समाचार को प्रकाशित करने के लिए सुधारता है

6. एक शिक्षक एक शोध कार्यक्रम की योजना बनाता है जिसमें शिक्षण के दौरान वह अपनी कक्षा में हिन्दी भाषा लेखन की त्रुटियों को सुधारने का लक्ष्य रखता है। इस संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सी शोध विधि उपयुक्त मानी जाएगी?

(अ) प्रयोगात्मक विधि

(ब) क्रियात्मक अनुसंधान विधि

(स) ऐतिहासिक विधि

(द) वर्णनात्मक विधि

7. "निर्गुण भक्ति" की शाखाएँ हैं -

(अ) कृष्ण भक्ति और ज्ञानमार्गी शाखा

(ब) रामभक्ति शाखा और प्रेममार्गी शाखा

(स) ज्ञानमार्गी शाखा और प्रेममार्गी शाखा

(द) रामभक्ति शाखा और कृष्णभक्ति शाखा

8. "सूरसागर" किसकी रचना है?

(अ) रैदास

(ब) कबीर दास

(स) मीराबाई

(द) सूरदास

9. प्राथमिक स्तर के बच्चों के भाषा विकास के लिए सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण क्या है?

(अ) समाचार पत्र

(ब) पाठ्यपुस्तक

(स) बाल साहित्य

(द) धार्मिक पुस्तकें

10. पाठ्यपुस्तक के आंतरिक गुण में क्या शामिल है?

(अ) पुस्तक का आकार

(ब) मुद्रण की गुणवत्ता

(स) विषयवस्तु की बोधगम्यता

(द) मुख पृष्ठ

## भाग-II ( अभिकथन एवं तर्क से संबंधित प्रश्न )

**सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।** **(5x2=10)**

नीचे दिए गए प्रश्नों के अन्तर्गत प्रत्येक प्रश्न के लिए दो कथन दिए गए हैं जिन्हें 'अभिकथन' और 'तर्क के द्वारा चिन्हित किया गया है। कथनों को ध्यान से पढ़ते हुए सही उत्तर का चयन कीजिए।

11. **अभिकथन (A) :** "हिंदी में अनेक बोलियाँ होते हुए भी 'खड़ी बोली' ही उसकी मूल भाषा बन गई।"

**तर्क (R) :** इसकी समृद्धि में अनेक बोलियाँ योगदान करती रही हैं।

(अ) अभिकथन सही है, परन्तु तर्क गलत है।

(ब) अभिकथन गलत है, परन्त तर्क सही है।

(स) अभिकथन और तर्क दोनों सही हैं और तर्क, अभिकथन की सही व्याख्य करता है।

(द) अभिकथन और तर्क दोनों सही हैं और तर्क, अभिकथन की सही व्याख्या नही करता है।

12. **अभिकथन (A) :** "भाषा का प्रयोग समाज में होता है किन्तु समाज के संदर्भ सदा एक नहीं होते।"

**तर्क (R) :** "जो समाज जितना अधिक विकसित होगा उसकी भाषा के प्रयोजनमूलक रूप भी उतने ही अधिक होंगे।"

(अ) अभिकथन सही है, परन्तु तर्क गलत है।

(ब) अभिकथन गलत है, परन्त तर्क सही है।

(स) अभिकथन और तर्क दोनों सही हैं और तर्क, अभिकथन की सही व्याख्य करता है।

(द) अभिकथन और तर्क दोनों सही हैं और तर्क, अभिकथन की सही व्याख्या नह करता है।

13. **अभिकथन (A) :** किसी विषय को समझने के लिए समान अभिप्राय वाली किसी दूसरी बात का कथन दृष्टांत कहलाता है।

**तर्क (R) :** दृष्टांत बच्चे के चिंतन कौशल को विकसित करने में पर्याप्त सहायक होते हैं।

(अ) अभिकथन सही है, परन्तु तर्क गलत है।

(ब) अभिकथन गलत है, परन्त तर्क सही है।

(स) अभिकथन और तर्क दोनों सही हैं और तर्क, अभिकथन की सही व्याख्या करता है।

(द) अभिकथन और तर्क दोनों सही हैं और तर्क, अभिकथन की सही व्याख्या नहीं करता है।

14. **अभिकथन (A) :** "पाठ्यपुस्तकें एक तरह की संगति व क्रमिकता के लिए होती हैं"।

**तर्क (R) :** "पुस्तकें संदर्भपरक, समृद्ध और सृजनात्मकता से परिपूर्ण होनी चाहिए"।

(अ) अभिकथन सही है, परन्तु तर्क गलत है।

(ब) अभिकथन गलत है, परन्त तर्क सही है।

(स) अभिकथन और तर्क दोनों सही हैं और तर्क, अभिकथन की सही व्याख्या करता है।

(द) अभिकथन और तर्क दोनों सही हैं और तर्क, अभिकथन की सही व्याख्या नहीं करता है।

15. **अभिकथन (A) :** अनुवाद प्रक्रिया जितनी महत्वपूर्ण है, उतनी ही परतंत्र भी है।

**तर्क (R) :** अनुवाद एक ओर मूल लेख के भाव में बँधा होता है, तो दूसरी ओर लक्ष्य भाषा की अभिव्यक्ति सबंधी सीमाओं में भी बँधा होता है।

(अ) अभिकथन सही है, परन्तु तर्क गलत है।

(ब) अभिकथन गलत है, परन्त तर्क सही है।

(स) अभिकथन और तर्क दोनों सही हैं और तर्क, अभिकथन की सही व्याख्या करता है।

(द) अभिकथन और तर्क दोनों सही हैं और तर्क, अभिकथन की सही व्याख्या नहीं करता है।

## भाग-III ( लघुउत्तरात्मक प्रश्न )

**किन्हीं 5 प्रश्नों के उत्तर दीजिए :** **(5x3=15)**

16. हिंदी भाषा के सरलीकरण बनाम ग्राहकता से आप क्या समझते हैं? स्पष्ट कीजिए।

17. दोहा और चौपाई की परिभाषा उदाहरण सहित प्रस्तुत कीजिए।

18. त्रिभाषा सूत्र की संकल्पना को स्पष्ट कीजिए।

19. प्रेमचन्द की किसी एक कृत्ति की तीन विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

20. बाल साहित्य में चिल्ड्रन बुक ट्रस्ट (बाल पुस्तक न्यास) के योगदान पर प्रकाश डालते हुए यहाँ से प्रकाशित दो पुस्तकों के नाम लिखिए।

21. आलोचनात्मक चिन्तन और सृजनात्मक चिन्तन में अन्तर स्पष्ट कीजिए।

22. अनुवाद की अवधारणा को स्पष्ट करते हुए अनुवादक की दो विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

23. श्रृंगार रस, हास्य रस, वीर रस को स्पष्ट कीजिए।

## भाग-IV ( निबन्धात्मक प्रश्न )

**किन्हीं 5 प्रश्नों के उत्तर दीजिए -** **5x8=40**

24. बहुभाषिकता से क्या अभिप्राय है। बहुभाषिकता वर्तमान संदर्भ में क्यों महत्वपूर्ण है? (3+5)

25. भाषा सौन्दर्य की दृष्टि से अलंकार की क्या उपयोगिता है? आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए अलंकार शिक्षण हेतु 'पाठ योजना' का निर्माण कीजिए। (2+6)

26. भक्ति काल से आप क्या समझते हैं। गोस्वामी तुलसीदास जी एवं सूरदास जी की साहित्यिक विशेषताओं में अंतर स्पष्ट कीजिए। (2+6)

27. चिन्तन कौशल से आप क्या समझते हैं? चिन्तन कौशल के महत्व को स्पष्ट करते हुए चिन्तन कौशल की किन्हीं दो विधियों को उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए। (2+2+4)

28. पाठ्यपुस्तक व पूरक पाठ्यपुस्तक में क्या अंतर है? एक भाषा की पाठ्यपुस्तक का निर्माण करते समय किन-किन मुख्य बिन्दुओं को ध्यान में रखना आवश्यक है? स्पष्ट कीजिए। (4+4)

29. वैश्वीकरण से आपका क्या अभिप्राय है? वैश्वीकरण का महत्त्व क्यों है? हिंदी को विश्वभाषा बनाने के लिए आप क्या सुझाव देंगे। स्पष्ट कीजिए। (2+3+3)

30. पत्रकारिता क्या है? पत्रकारिता के मुख्य प्रकारों पर प्रकाश एक डालते हुए बताइए कि एक अच्छी पत्रकारिता में किन गुणों का समावेश होना चाहिए। (2+3+3)

31. सुधा एक ऐसे विद्यालय की शिक्षिका है जहाँ के ज्यादातर विद्यार्थियों की मातृभाषा हिंदी नहीं है एक आदर्श अध्यापिका होने के नाते वह अपनी कक्षा के प्रत्येक विद्यार्थी की सहभागिता चाहती हैं। वह चाहती हैं कि उनकी कक्षा का प्रत्येक बच्चा हिंदी विषय सीखे और आम बोलचाल में हिंदी भाषा का प्रयोग करे आपके अनुसार वह किस प्रकार की क्रियाएँ व संसाधन अपनाएँ, जिससे प्रत्येक विद्यार्थी हिंदी सीख सके। उदाहरण सहित अपने उत्तर की पुष्टि कीजिए। (8)